**Full Title of the Project** - **Diversion of 646.56 Hectare Forest land of Block A and B Paharpur Tehsil- Roopwas, Dist. Bharatpur**

**Proposal** No. : FP/RJ/MIN/125714/2021

Date of Proposal : 05.03.2021

Applied Forest Area : 398.0085 Hectare

## JUSTIFICATION FOR LOCATING THE PROJECT IN FOREST LAND

पहाडपुर तहसील रूपवास जिला भरतपुर के अन्तर्गत है। जिसका क्षेत्र लगभग 200 वर्ग किमी. है। वन्य जीव अभ्यारण्य की अधिसूचना दिनांक 05.10.1985 से जारी की गई। पहाडपुर वन क्षेत्र के ब्लॉक ए व बी, जिनका कुल क्षेत्र लगभग 646.56 हैक्टेयर है, जिसमें से 398.0085 का डायवर्जन चाहा गया है, जो कि भरतपुर जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी. दूरी पर है।

पहाडपुर वन क्षेत्र में खनिज सैण्डस्टोन के खनन पट्टे स्वीकृत खनन पट्टों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 12.12.1996 से वन क्षेत्र में वन अधिनियम की धारा 2 के तहत बिना डायवर्जन गैरवानिकी कार्य प्रतिबधिंत किये जाने से उक्त क्षेत्र में खनन पट्टे बंद/खण्डित हो गये।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसचूना दिनांक 16.12.2018 से बंध बारैठा वन्य जीव अभ्यारण्य का ईको सेंन्सिटिव जोन (ESZ) 25 मीटर से 1 किमी. अधिसूचित किया गया।

पहाडपुर वन क्षेत्र के ब्लॉक ए व बी, जिनका कुल क्षेत्र 646.56 हैक्टेयर है, में खनिज सैण्डस्टोन उच्च गुणवत्ता एवं प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। जिनमें खनिज सैण्डस्टोन का अनुमानित भण्डार लगभग 450 मिलियन टन है। वनक्षेत्र अधिकाशंः प्री–एक्सवेटिड है।

पहाडपुर वन क्षेत्र में उपलब्ध खनिज सैण्डस्टोन उच्च गुणवत्ता की होने, अपरदन (Erosion) नहीं होने से मांग अधिक होने के साथ–साथ अन्य क्षेत्रों में उक्त प्रकार का खनिज सैण्डस्टोन उपलब्ध नहीं होने के साथ–साथ स्थानीय व्यक्तियों के रोजगार के

अवसर नहीं होने से उक्त क्षेत्र को वन अनारक्षण किया जाना है। पहाडपुर के ब्लॉक ए व बी का वन अनारक्षण किये जाने से स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार के साथ–साथ स्तर में सुधार होगा एवं राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी।

स्थानः रूपवास
दिनांक 12 अप्रैल 2021

Assistant Mining Engineer,
Roopwas, Distt. Bharatpur

सहायक खनि अभियन्ता
खान एवं भू-विज्ञान विभाग
रूपवास (भरतपुर)